हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 अगस्त 2025

11 सेम व बरसात से खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन



12 पूर्व सैनिक से 5 लाख की ठगी के मामले में महापंचायत…



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक में टक्कर, बैंककर्मी की मौत

**फतेहाबाद।** गांव ढिंगसरा-मेहूवाला के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में बाईक सवार बैंक कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक युवक गांव मेहूवाला की पूर्व सरपंच का पोता था। पहले उसे गंभीर हालत में भट्टू के प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बाद में सूचना पाकर पहुंची भट्टू पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

### कबूतर बेचने के नाम पर ठगी करने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** कबूतर बेचने के नाम पर रतिया के एक व्यक्ति से ऑनलाइन हजारों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा है। रतिया थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में सतवंत सिंह निवासी बादलगढ़ ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह डेयरी फार्मिंग करता है और शौक से कबूतर पालन भी करता है। इस संबंध में उसने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया हुआ है।

### ट्रेन के नीचे आने से व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव बाजेकां के निकट गुरुवार को ट्रेन के नीचे आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी के अनुसार दोपहर ढाई बजे के करीब हिसार से सिरसा आने वाली ट्रेन की चपेट में अज्ञात व्यक्ति आया है। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 34 साल बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति कहा का है और उसने आत्महत्या की है या ट्रेन की चपेट में आया है।

### जेएनवी में कक्षा 6वीं के लिए दाखिले 27 तक

**फतेहाबाद।** गांव खारा खेड़ी स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए 27 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी की अध्यक्ष मनदीप कौर ने बताया कि जेएनवीएसटी के लिए 13 दिसंबर को परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### पशु तस्करी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पशु तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि 7 अगस्त को पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक में अवैध रूप से 12 कटड़े और 8 भैंसों को क्रूरता से भरकर कहीं ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली।

### मारपीट व गाली-गलौज के मामले में तीन काबू

**फतेहाबाद।** मारपीट और जातिसूचक गालियां देने के एक मामले में रतिया पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी रतिया नर सिंह ने बताया कि 13 अगस्त को शिकायतकर्ता सोनू उर्फ काला पुत्र रोशन लाल निवासी गोरखपुर ने थाना भुना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की।

### मुख्यमंत्री कल गांव बड़ोपल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचेंगे

# सीएम 34,408 गोवंश के लिए जारी करेंगे 62.22 करोड़ रुपये : जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 अगस्त को जिला फतेहाबाद के गांव बड़ोपल में पहुंचेंगे और यहां गोशाला में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला की गोशालाओं को सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता के चेक वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने बताया कि सीएम इस दिन बड़ोपल गोशाला में फतेहाबाद जिले की 65 गोशालाओं में 34408 पशुओं के लिए 62 करोड़ 22 लाख 42 हजार रुपए के चेक वितरित करेंगे। यह राशि 1 जनवरी से 31 मार्च 2025 की है। उन्होंने बताया कि इनमें हरियाणा गोशाला फतेहाबाद को 50 लाख 62 हजार 5 रुपये तथा श्री कृष्ण गोशाला भुना को 29 लाख 30 हजार 715 रूपये के चेक भी वितरित करेंगे। यह राशि 1 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 की है। बता दें कि जिले में 68 गोशालाएं हैं, जिनमें 35 हजार 93 गोवंश को हरियाणा सरकार अनुदान देती है। गांव भड़ोलांवाली गोशाला के संचालक सरकार से अनुदान नहीं ले रहे वहीं चबलामोरी की गोशाला में गोवंश की संख्या कम है जबकि गांव भोड़ा होशनाक की कमेटी में आपसी विवाद के कारण उनके दस्तावेज अधूरे हैं।



**फतेहाबाद।** सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा व एसपी सिद्धांत जैन।

#### स्वामी राजेन्द्रानंद की याद में बन सकता है बड़ा स्मारक

मुख्यमंत्री शनिवार को गांव बड़ोपल पहुंचेंगे और यहां पर गोशाला में ब्रह्मलीन स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज की याद में बड़ा स्मारक बनाने की मांग पूरी कर सकते हैं। गांववासी, गोशाला कमेटी, पूर्व विधायक तथा भाजपा जिलाध्यक्ष इस बारे सीएम को मांग पत्र सौंपेंगे। यहां पर ब्रह्मलीन स्वामी राजेन्द्रानंद महाराज की याद में शोक सभा होगी व पौधरोपण भी किया जाएगा।

#### एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आगमन संबंधी तैयारियां समय पर और बेहतर ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। एडीसी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान तीन दिन अधिकारी और कर्मचारी जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगे। सभी अधिकारी अपनी-अपनी ड्यूटी पर तैनात रहकर कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को गांव बड़ोपल में हेलीपैड बनाने के निर्देश दिए ताकि मुख्यमंत्री का आगमन और प्रस्थान सुचारु ढंग से हो सके।

#### बीजेपी जिलाध्यक्ष व एसपी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

सीएम नायब सिंह सैनी के गांव बड़ोपल के गौशाला में प्रस्तावित कार्यक्र को लेकर एसपी सिद्धांत जैन व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ सहायक पुलिस अधीक्षक दिव्यांशी सिंगला, एसडीएम राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल के भीतर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

## नशीली दवाइयां मिलने पर मेडिकल स्टोर सील

- 180 गोलियां टेंपेटांडोल व 28 कैप्सूल सिग्नेचर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

पुलिस ने मेडिकल नशे पर अंकुश लगाने व जीवन रक्षक दवाइयों की आड में कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ड्रग कंट्रोलर केशव वशिष्ठ को साथ लेकर बाईपास रोड पर स्थित हर्ष मेडीकोज कालांवाली पर रेड की तो मेडीकल से होने पर मेडिकल को सील करते हुए मेडीकल संचालक गुरदीप गांव कालांवाली के खिलाफ कार्रवाई की गई। प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी को साथ लेकर हर्ष मेडिकोज स्टोर पर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान नशे में प्रयुक्त होने वाली गोलियां व कैप्सूल बरामद कर मेडीकल को सील किया गया। थाना पभारी ने कहा कि पुलिस द्वारा निरंतर मेडिकल एसो. एवं दवा विक्रेताओं से संपर्क कर उन्हें पुलिस का सहयोग करने को कहा जा रहा है ताकि दवा विक्रेता नशीली गोलियों को बिना किसी डाक्टरी सलाह एवं पर्ची के किसी को भी न दें।



**सिरसा।** मेडीकल को सील करते हुए पुलिस व ड्रग कंट्रोलर। *फोटो : हरिभूमि*

## देशद्रोह मामले में फंसे ताज मोहम्मद के वकील पर टिप्पणी करने के मामले में 3 भापजा पदाधिकारियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

- सीजेएम सुयशा जावा की कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

देशद्रोह के मामले में फंसे एक व्यक्ति का केस लेने पर वकील के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां करने के मामले में आखिरकार फतेहाबाद पुलिस ने बीजेपी के तीन पदाधिकारियों पर केस दर्ज किया है। सीजेएम सुयशा जावा की कोर्ट के आदेश पर यह एफआईआर हुई है। हालांकि, एफआईआर दर्ज करने में साइबर थाना पुलिस ने एक सप्ताह का समय लगा दिया है। कोर्ट ने यह आदेश जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट विनय शर्मा की शिकायत पर दिए थे। विनय शर्मा ने बीजेपी पदाधिकारियों व समर्थकों के खिलाफ एसपी को शिकायत दी थी। बता दें कि 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद फतेहाबाद के कथित हड्डी रोग विशेषज्ञ मुश्ताक अहमद उर्फ डॉ. ताज मोहम्मद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर 3 वीडियो डाली थीं, जिसमें पीएम मोदी को बड़ी गलती करने और पाकिस्तान की जीत को दिखाया गया। इस मामले में फतेहाबाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा और मंडल उपाध्यक्ष परमजीत बेनीवाल ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने ताज मोहम्मद पर देशद्रोह की धारा में केस दर्ज कर लिया। ताज मोहम्मद का केस एडवोकेट विनय शर्मा लड़ रहे हैं। एडवोकेट विनय शर्मा का आरोप था कि देशद्रोह के आरोपी ताज मोहम्मद का केस लेने के बाद इन बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की। उन्हें सेटिंग बाज कहा गया। इसके अतिरिक्त भी काफी भली-बुरी बातें फेसबुक पर लिखा गया।

## फतेहाबाद से सालासर-मुकाम-नोखा सीधी बस सेवा शुरू

- हर रोज सुबह 8 बजे फतेहाबाद बस अड्डा से रवाना होगी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए अब फतेहाबाद से सीधे सालासर, मुकाम और नोखा जाना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। फतेहाबाद के नये बस अड्डा परिसर से परिवहन विभाग के कर्मचारियों सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने सुबह 8 बजे नई बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। परिवहन विभाग के टीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बस सेवा की शुरुआत से खासकर बिश्नोई समाज के श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है, जो नियमित रूप से संत जाम्भोजी की तपोभूमि मुकाम और सालासर बालाजी के दर्शन के लिए जाते हैं। बस का रूट और टाइमिंग की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि फतेहाबाद से सुबह 8 बजे यह बस चलेगी जिसका 9.26 बजे हिसार बस अड्डा में आगमन होगा। इस बस का सालासर पहुंचने का समय दोपहर बाद 3 बजे होगा और सायं 6.30 बजे मुकाम आगमन होगा जबकि नोखा में सायं 7 बजे अंतिम पड़ाव होगा।



**फतेहाबाद।** सालासर-मुकाम-नोखा सीधी बस सेवा को रवाना करते परिवहन विभाग के कर्मचारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## हाथों में झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे नपकर्मी

- शहर के मुख्य बाजारों में किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर शहर के मुख्य बाजारों में रोष प्रदर्शन किया। नगरपरिषद कर्मचारी हाथों में झाड़ू और काले झंडे लेकर सड़कों पर उतरे और जमकर नारेबाजी की। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के कार्यकारी प्रधान सत्यवान टॉक ने की तथा संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। कर्मचारियों ने एसडब्ल्यूएम ऐप के विरोध पूर्व में हुए सरकार के साथ समझौते को लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 27 हजार रुपए वेतन लागू करने तथा ठेका प्रथा बंद करने सहित अनेक मांगों का समाधान करने की मांग की। 26 सितंबर को जिला उपयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे और 18 अक्टूबर को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय कुरुक्षेत्र पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे।




फतेहाबाद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते नगरपरिषद कर्मचारी।

#### 11 को पूर्ण हरियाणा में किया जाएगा प्रदर्शन

प्रदर्शन में मुख्य रूप से संघ के राज्य वरिष्ठ प्रधान रमेश तुषामड़, कार्यकारी प्रधान सत्यवान टॉक, ओमप्रकाश लोट, जिला सचिव विजय ढाका, नरेश राणा, राजाराम, ओमप्रकाश जलानिया, सतपाल परिहार, धीरज गोगलिया, अमित गिल, वीरू राती आदि ने कहा कि अगर सरकार जल्द से जल्द इन मांगों का समाधान नहीं करती है तो नगरपालिका कर्मचारी संघ आंदोलन को और तेज करते हुए 11 सितंबर को पूरे हरियाणा में विधायकों के आवास पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे।



**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार तीनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*

## गाड़ी से 45.330 किलो डोडा पोस्त बरामद, तीन गिरफ्तार

- नशा मुक्त अभियान के तहत एएनसी टीम की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। नशा मुक्त अभियान के तहत एएनसी टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशे का जखीरा बरामद किया है। टीम ने 45 किलो 330 ग्राम डोडा पोस्त के साथ तीन तस्करों को दबोचा है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन भी जब्त किए गए हैं। शहर फतेहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक मेजर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम शहर में गश्त पर थी। इस दौरान एक कार संदिग्ध दिखाई दी। पुलिस ने कार चालकर को घेरकर काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम पंकज बताया।

#### पायलटिंग कर बचते थे पुलिस की नजर से

पुलिस पूछताछ में आरोपी पंकज ने खुलासा किया कि वे तस्करी के दौरान एक अन्य वाहन को पायलट के रूप में आगे भेजते थे, जो रास्ते में पुलिस नाकाबंदी या किसी चेकिंग की जानकारी देता था। आरोपी आपस में व्हाट्सएप कॉल और मैसेजिंग के माध्यम से संपर्क में रहते थे। आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पंकज की निशानदेही पर दो अन्य तस्करों कुलदीप सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी महमड़ा तथा सज्जन कुमार पुत्र हरपाल सिंह उर्फ भाल सिंह निवासी दौलतपुर को भी गिरफ्तार कर लिया।

## हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने दिया धरना, काले बिल्ले लगाकर किया काम

**फतेहाबाद।** हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन की एमएम कॉलेज यूनिट द्वारा आज अपनी मांगों को लेकर कॉलेज प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व 19 से 21 अगस्त तक सभी प्राध्यापकों द्वारा काली पट्टी व बिल्ले लगाकर कार्य कर विरोध जताया गया। धरने में एसोसिएशन प्रधान डॉ. सन्ध्याअग्रवाल, उपप्रधान डॉ. सुरेंद्र पाल, ट्रेजरर डॉ. विजय गोयल, सेक्रेट्री विनोद कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी शामिल रहे। धरने के माध्यम से मांग की गई कि ओल्ड पेन्शन को लागू किया जाए। आठवें वेतन संशोधन के समय मौजूदा पेंशनभोगी और भावी पेंशनभोगी के बीच कोई भेदभाव न किया जाए। एनईपी 2020 निरस्त हो। यूजीसी मसौदा विनियमन 2024 और 2025 को वापस लिया जाए। एम.फिल. और पीएचडी प्रोत्साहन वेतन वृद्धि को मंजूरी मिले। एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति के लिए पीएचडी को अलग किया जाए। पुस्तकालयाध्यक्षों और भौतिक निदेशकों को एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के समान सुविधाएं प्रदान की जाएं। तदर्थ, अंशकालिक, अतिथि व्याख्याता, ब्लॉक शिक्षकों की सेवा शर्तों में सुधार किया जाए। सभी शिक्षण पदों को स्थायी और नियमित रूप से भरा जाए। शिक्षा पर बजट आवंटन बढ़ाकर 10 प्रतिशत हो। देश भर के सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों के लिए 65 वर्ष की एक समान सेवानिवृत्ति आयु सुनिश्चित की जाए आदि मांगे शामिल है।




**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में धरना देते हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि


### पित्तरों की शांति के लिए महत्वपूर्ण, कुशा उत्पाटन करने से बनी रहेगी पवित्रता

# पवित्रता की प्रतीक कुशग्रहणी अमावस्या आज

- भाद्रपद मास की विशेष अमावस है कुशग्रहणी अमावस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

भाद्रपद की अमावस्या को कुशोत्पटनी अमावस्या भी कहते हैं। इस बार यह अमावस्या आज शुक्रवार को है। शहर के प्रमुख ज्योतिषविद् पंडित राजेश शर्मा के अनुसार हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व माना गया है। क्योंकि इस तिथि के स्वामी पितृ देवता हैं इसलिए इस दिन पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध, तर्पण आदि किया जाता है। इस बार भाद्रपद मास की कुशाग्रहणी पितृ कार्य अमावस्या 22 अगस्त को रहेगी जबकि 23 अगस्त शनिवार को देव कार्य अमावस्या रहेगी।



#### क्या है कुशोत्पाटन

पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि कुशा का उत्पाटन यानी उखाडना कुशोत्पाटन कहलाता है। भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को कुशोत्पाटनी (कुशग्रहणी) अमावस्या कहा जाता है। इस दिन पुरोहित नदियों, तालाबों आदि से कुशा लाकर घर पर रख लेते हैं और सालभर अपने धार्मिक कार्यों के लिए उनका प्रयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो कुशा को कभी भी उखाड़ जा सकता है लेकिन मान्यतानुसार सामान्य दिन यदि कुशा को उखाड़ा जाए तो उसकी शक्ति केवल एक दिन की होती है। यदि कुशा को पूर्णिमा के दिन उखाड़ जाए तो उसका प्रभाव 15 दिन रहता है और सामान्य अमावस्या के दिन उखाड़ी गई कुशा का प्रभाव एक महीने रहता है लेकिन अगर भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन कुशा का उत्पाटन किया जाए तो उसका प्रभाव पूरे साल रहता है।

#### कुशा घास ऊर्जा की कुचालक


पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि कुशा घास को ऊर्जा का कुचालक माना जाता है इसीलिए पूजा-पाठ आदि के लिए कुशा के आसन पर बैठकर पूजन का विधान है। इस पर बैठकर पूजा करने से साधक की ऊर्जा का क्षय नहीं होता और इसकी ऊर्जा पृथ्वी के अंदर नहीं जाती। उन्होंने बताया कि हमारे शास्त्रों में कुशा को दूषित वातावरण को पवित्र करके संक्रमण फैलने से रोकने वाली, तत्काल फल लेने वाली औषधि और आयु वृद्धि करने वाली बताया गया है। यही कारण है कि सूर्य और चंद्र ग्रहण के समय इसी कुशा को भोजन तथा पानी में डाल दिया जाता है ताकि ग्रहण के समय पृथ्वी पर आने वाली किरणें कुशा से टकराकर परावर्तित हो जाती हैं और भोजन व पानी पर उन किरणों का विपरीत असर नहीं पड़ता। कुशा की उत्पत्ति के विषय में शास्त्रों में बताया गया है कि प्राचीन काल में जब भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर समुद्र तल में छिपे हिरण्याक्ष का वध कर दिया और पृथ्वी को उससे मुक्त कराकर बाहर निकले तो उन्होंने अपने बालों को फटकारा। उस समय कुछ रोम पृथ्वी पर गिरे यही रोम कुशा के रूप में प्रकट हुए।



कहानी
अशोक जोशी

बबलू की कुछ शब्द अटक कर और तुतला कर बोलने की आदत थी। इस कारण स्कूल में बच्चे उसकी हंसी उड़ाते थे। लेकिन क्लास के एक साथी की मदद से बबलू बिना तुतलाए धड़ल्ले से ऐसे बोलने लगा कि इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। बबलू के साथ यह कमाल हुआ कैसे?

# जीत गया बबलू




बबलू के पापा मिस्टर शाह भारत सरकार के वित्त विभाग में कार्यरत हैं। उनका ट्रांसफर रायपुर से जबलपुर हुआ तो वह पूरे परिवार को लेकर वहां आ गए। उन्होंने बबलू का एडमिशन शहर के एक अच्छे और नामी-गिरामी स्कूल में करवाया। बबलू के साथ एक दिक्कत यह थी कि वह बोलते समय किसी-किसी शब्द पर अटक जाता था। साथ ही वह कुछ अक्षरों का उच्चारण करते समय तुतलाता भी था, जैसे- 'क' को वह 'त' बोलता था।

रायपुर के स्कूल में तो वह बचपन से पढ़ रहा था। वहां के सहपाठियों में वह घुल-मिल गया था। कोई उसकी इस कमजोरी का मजाक नहीं उड़ाता था। अब बबलू को चिंता होने लगी कि नए स्कूल में नए सहपाठी उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे?

अगले दिन बबलू अपने स्कूल पहुंचा तो उसे वहां का माहौल एकदम अलग और नया-नया सा लगा। बच्चे भी ज्यादा स्मार्ट दिखाई दिए। उसने एक लड़के से पूछा, 'त्यों, पांचवीं बी त्ला..त्लास तहां है?' लड़के ने बबलू पर हंसते हुए पूछा, 'तो नए आए हो?' बबलू ने कहा, 'हां, पिछले दिनों रायपुर से आया हूं।' वह लड़का बबलू को अपने साथ क्लास में लेकर गया और सभी बच्चों से बोला, 'यह हमारी क्लास का नया स्टूडेंट है। सभी लोग इससे 'क्यों' बोलने को कहें।' जब बच्चों ने बबलू से 'क्यों' कहने को कहा, तो बबलू अपने स्वाभाविक रूप से बोला 'त्यों'। उसी दिन से सारे बच्चे उसे 'त्यों-त्यों' कहकर चिढ़ाने लगे।

बबलू की क्लास में शेखर नाम का एक छात्र भी था। उसके पिता स्पीच थेरेपिस्ट थे। शेखर को बबलू की बातें सुनकर पता चल गया कि इसे अटक कर बोलने और कुछ शब्दों को तुतला कर बोलने की आदत है। उसने बबलू को अपने पास बैठाया और कहा कि वह धैर्य से काम ले, साथी छात्रों की बातों पर ध्यान न दे। रात को शेखर ने अपने पापा (डॉक्टर सक्सेना) को सारी बात बताई। उन्होंने कहा, 'रविवार को तुम बबलू और उसके पापा को अपने यहां बुला लो, मैं उसकी समस्या देखकर इसका इलाज करता हूं।'

शेखर ने बबलू को अपने पापा के साथ घर आने को कहा। रविवार को बबलू अपने पापा के साथ शेखर के घर पहुंचा। जान-पहचान के बाद शेखर के पापा ने बबलू के पापा से पूछा, 'इसे यह समस्या कब से है?'

'जी, कोई छह सात साल पहले से।' बबलू के पापा ने बताया। डॉक्टर सक्सेना, बबलू को लेकर अपने घर के बाहर बने क्लिनिक पहुंचे। उन्होंने कुछ यंत्रों से उसके गले को अच्छी तरह से देखा फिर उससे कुछ शब्द लिखकर बुलवाए। इसके बाद वह बबलू को लेकर घर में आ गए। उन्होंने बबलू के पापा से कहा, 'चिंता की कोई बात नहीं है। बबलू के गले या स्वर यंत्र में कोई समस्या नहीं है। कभी-कभी बचपन में तुतलाहट या आस-पास बोले जाने वाले शब्दों को दोहराने की आदत से बच्चों में कुछ शब्दों पर अटकने और कुछ शब्दों को बोलने में तुतलाहट आ जाती है। लेकिन लगातार अभ्यास से इसमें सुधार हो सकता है। इसके लिए मैं आपको कुछ एक्सरसाइज बताता हूं। इसे लगातार करने से तीन-चार महीने में फायदा हो जाता है।'

'डॉक्टर साहब मैं आपका आभारी रहूंगा।' बबलू के पिताजी ने हाथ जोड़ते हुए कहा।

'जी, इसकी कोई जरूरत नहीं है। मेरे लिए जैसा शेखर है, वैसा ही बबलू है।' डॉक्टर सक्सेना ने विनम्रता से जवाब दिया। फिर उन्होंने शेखर को बुलाकर कहा कि वह क्लास में बबलू को अपने पास में बैठाए। उन्होंने कुछ शब्द लिखकर दिए और बोले, 'बबलू, जब तक तुम्हारा उच्चारण सुधर नहीं जाता, तुम परेशानी वाले शब्दों की जगह उससे मिलते-जुलते दूसरे शब्दों का प्रयोग करना। यह हमारी हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसने हमें कई पर्यायवाची शब्द दिए हैं। तुम क्यों की बजाए 'व्हाय' बोलना। फिर देखना कोई तुम्हें परेशान नहीं करेगा। दूसरे दिन से बबलू ने शेखर के पास बैठना शुरू कर दिया। स्कूल से छूटने के बाद घर आकर वह डॉक्टर सक्सेना द्वारा बताई गई एक्सरसाइज कर शब्दों का सही उच्चारण का अभ्यास करने लगा। लेकिन उसने स्कूल में किसी को नहीं बताया था कि वह स्पीच थैरेपी की प्रैक्टिस कर रहा है। कुछ दिनों बाद जब स्कूल का वार्षिक कार्यक्रम था तो बबलू ने भाषण की बहुत प्रैक्टिस की। जिस दिन भाषण प्रतियोगिता थी, बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी आए थे। जब भाषण के लिए बबलू के नाम की घोषणा हुई तो खूब तालियां बजीं। यह तालियां बबलू का उत्साह बढ़ाने के लिए नहीं थीं बल्कि बच्चों ने समझा कि भाषण में जब बबलू अटकेगा और तुतलाकर बोलेगा तो बड़ा मजा आएगा। बबलू मंच पर आया। उसने सभी का अभिवादन कर धीरे-धीरे जब अपना भाषण आरंभ किया तो बच्चे एक-दूसरे का मुंह देखने लगे। उन्हें अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ कि यह सब बबलू बोल सकता है। बबलू ने अपने भाषण में उन सभी शब्दों का प्रयोग किया, जिन पर वह अटक जाता था या तुतलाता था। सब हैरान थे कि बबलू धाराप्रवाह बोले जा रहा था। जब बबलू का भाषण समाप्त हुआ तो पहले से भी ज्यादा तालियां बजीं। प्रतियोगिता के बाद जब परिणाम घोषित हुआ तो बबलू को सेकेंड प्राइज मिला था। यह उसके लिए पहले पुरस्कार से भी ज्यादा मूल्यवान था, क्योंकि उसने नियमित अभ्यास और धैर्य से अपनी कमजोरी पर काबू पा लिया था। *

# क्यों होते हैं कारों के अलग-अलग रंग के नंबर प्लेट

बच्चो, तुमने नोटिस किया होगा कि गाड़ियों की नंबर प्लेट अलग-अलग रंग की होती हैं। किस कलर की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ियों में लगाई जाती है, यह तुम्हें जानना चाहिए।

नॉलेज टॉक
आलोक कुमार दुबे





उस दिन नयन अपने नानाजी के साथ स्कूटी पर आगे खड़े होकर जा रहा था। जब भी कोई कार सामने आती, वह उसका नाम लेकर उस कार के बारे में बोलता जाता, 'नानू, यह देखो एक और टाटा पंच, यह मारुति वैगनआर और यह टाटा नैनो। यह गाड़ी ब्रेजा है, यह मेरे फूफा जी के पास भी है।' असल में नयन को सड़क पर चलते समय कारों को उनके मॉडल और कंपनी के नाम से पुकारने का शौक है।

'अच्छा नयन, तुम कार को देखकर यह तो बता देते हो कि यह कौन सी कार है, लेकिन क्या उसकी नंबर प्लेट देखकर तुम बता सकते हो कि यह किस तरह की कार है?' नानाजी ने नयन से पूछा।

'किस तरह की कार, मतलब?' नयन को नानू की बात समझ में नहीं आई।

'अरे भई, देखो आगे जो कार जा रही है, उसकी नंबर प्लेट पीले रंग की है, जबकि और कारों की नंबर प्लेट सफेद रंग की, कुछ कारों की हरे रंग की भी हैं, ऐसा क्यों?'

नानाजी के इस सवाल से नयन सोच में पड़ गया। वह पीछे घूमकर नानाजी की तरफ देखकर बोला, 'नहीं, मुझे नहीं पता नानू! आप बताइए न!'

'अच्छा चलो, मैं बताता हूं। सफेद रंग की नंबर प्लेट वाली कार प्राइवेट कार होती है, जिसे हम पर्सनल यूज के लिए खरीदते हैं।' नयन बीच में ही बोल पड़ा, 'जैसे पापा की होंडा सिटी...।'

'हां, बिल्कुल वैसे ही।' नानाजी हंसते हुए बोले।

'जबकि पीले रंग की नंबर प्लेट वाली गाड़ियां सार्वजनिक वाहन या किराए की गाड़ियां होती हैं, जिनकी सेवाएं हम समय-समय पर लेते रहते हैं।' नानाजी ने आगे बताया।

'और नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट किस तरह की गाड़ी में लगी होती है?' नयन ने पूछा।

तभी एक हरे रंग की नंबर प्लेट वाली कार सामने से गुजरी, नयन बोला, 'अरे देखो नानू, हरे रंग की नंबर प्लेट वाली टाटा पंच।'

'हां, इसकी नंबर प्लेट हरे रंग की है यानी कि यह बैटरी से चलने वाली कार है।' नानू ने बताया।

'अच्छा! बिल्कुल मेरी छोटी कार की तरह, जिसे मैं मजे से चला लेता हूं।' नयन चहक कर बोला।

'हां, बिल्कुल तुम्हारी छोटी कार की तरह ही, बस इसमें बैटरी ज्यादा संख्या में और ज्यादा बड़ी होती है।' नानू ने बताया।

तभी एक ई-रिक्शा आता हुआ दिखाई दिया। नयन बोला, 'देखो नानू, इस ई-रिक्शा की नंबर प्लेट भी हरे रंग की है। मतलब यह भी बैटरी से चलता होगा।'

'हां-हां, बिल्कुल सही समझा तुमने!' नानाजी बोले।

इस तरह बातों-बातों में नयन और उसके नानाजी अपने गंतव्य तक पहुंच चुके थे। *

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## दादा जी



एआई इमेज

ये दादा, मैं इनका पोता,
इनके साथ जागता-सोता।
दादा जी के आस-पास ही
सारा दिन मैं अक्सर होता।
गुस्सा होते नहीं कभी भी,
इनको प्रिय है दूध-दही-घी।
अस्सी बर्ष उम्र है इनकी,
लेकिन चुस्त-दुरुस्त अभी भी।
श्वेत वस्त्र हैं, श्वेत ही दाढ़ी,
गाते मीठे गीत पहाड़ी।
इनको पैदल चलना भाता,
नहीं सुहाती मोटर-गाड़ी।

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## मारी के संघर्ष की कहानी




बच्चो, अपना घर सभी को प्यारा होता है। जंगली जानवरों के लिए जंगल ही उनका घर होता है। इस चित्र-पुस्तक में नन्ही-सी हथिनी 'मारी' के माध्यम से जंगली हाथियों की मुश्किलों और उनकी चुनौतियों का किस्सा कहा गया है। गर्मियों में जब हवा में नमी कम हो जाती है, तब जंगल की घास सूख जाती है। गर्मी से तालाबों का पानी भी सूखकर कम हो जाता है। इधर हमारे शहर बढ़ रहे हैं, नई-नई सड़कें बन रही हैं, जंगल की जमीन कम हो रही है। ऐसे में हाथियों को अपने चारा-पानी की तलाश में दूर-दूर तक जाना पड़ता है। इस किताब की कहानी की नन्ही हथिनी 'मारी' अपने ऐसे ही एक सफर में बहुत कुछ देखती, झेलती और महसूस करती है। यह सभी जंगली हाथियों के संघर्ष की कहानी है, जिसे 'मारी का सफर' के माध्यम से दिखाया गया है। इस किताब में कहानी के अनुसार पूरे-पूरे पृष्ठ के रंग-बिरंगे चित्र भी बने हैं। *

**किताब**: मारी का सफर, **लेखिका**: लावण्या कार्तिक, **अनुवाद**: सीमा, **मूल्य**: 70 रुपए, **प्रकाशक**: एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल



## जीके क्विज-167



1. हाल ही में भारत के 89वें चेस ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
2. वे दो तत्व कौन से हैं, जो समुद्र के पानी को खारा बनाते हैं?
3. हाल में ही मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब किसने जीता?
4. किस खिलाड़ी की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है?
5. भारतीय रिजर्व बैंक का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?
6. जब बैरोमीटर का पारा अचानक गिर जाए तो यह किस बात का द्योतक होता है?
7. केन और बेतवा ये दोनों किस नदी की सहायक नदियां हैं?
8. दुनिया में कॉफी सबसे ज्यादा किस देश में पैदा होती है?
9. वायुमंडल में सर्वाधिक मात्रा में कौन-सी गैस पाई जाती है?
10. नियाग्रा जलप्रपात किन दो देशों की सीमा पर स्थित है?

**बच्चों, जीके क्विज-167 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-166 का उत्तर** : 1. 79वां, 2. 1857 ई., 3.महात्मा गांधी, 4.1942 ई., 5.सुभाष चंद्र बोस, 6.बाल गंगाधर तिलक, 7.सी. राजगोपालाचारी, 8.सरदार वल्लभभाई पटेल, 9.रवींद्रनाथ टैगोर, 10.भगत सिंह

**जीके क्विज-166 का सही उत्तर देने वाले** : कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिव्या-रायगढ़, कोमल-महासमुंद, हर्ष-रोहतक, विकास-रायपुर, चेतन-बालोद

बच्चो, छोटे-बड़े सभी जंतुओं को अपने से बड़े शिकारी जंतुओं से हमेशा खतरा रहता है। इसीलिए प्रकृति ने कई जंतुओं को ऐसी खूबियां दी हैं, जिनकी बदौलत वे अपने शिकारी को आसानी से चकमा दे देते हैं। ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में जानो।

# शिकारियों को चकमा देने वाले ये अजब-अनोखे जंतु

जंतु जगत
रजनी अरोड़ा



बच्चो, प्रकृति ने दुनिया के हर छोटे-बड़े जंतु को दूसरे जानवरों से अपना बचाव करने के लिए कोई न कोई विशेषता प्रदान की है। किसी की अनोखी शारीरिक संरचना शिकारियों से बचाव में मददगार होती है तो कुछ जंतु थोड़े समय के लिए कोई ऐसी गतिविधि करते हैं कि उनका शिकार करने वाला जंतु चकरा जाता है, प्रयास करके हार जाता है या फिर डरकर भाग जाता है। यहां हम ऐसे ही कुछ जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

**आर्मडीलो हार्ड प्लेटेड कवर से करता है सुरक्षा:** आर्मडीलो नामक जंतु के शरीर पर छोटी-छोटी प्लेट्स का बहुत ही कठोर कवर होता है। किसी भी शिकारी के हमले का आभास होने पर यह अपने शरीर को बड़ी खूबी से हार्ड बॉल की तरह कर्ल कर खुद को सुरक्षित कर लेता है। शिकारी जंतु तमाम कोशिशों के बावजूद कवर्ड आर्मडीलो के हार्ड प्लेटेड कवर्ड कर्ल को नहीं खोल पाता है।





**ब्लोफिश बैलून जैसा फुला लेता है शरीर:** ब्लोफिश, बड़े आकार की शिकारी मछलियों से अपना बचाव करने के लिए अपनी गर्दन में मौजूद गुब्बारेनुमा झिल्ली में पानी भर कर बड़े गुब्बारे जैसा फूल जाती है। इसके बड़े आकार को देखकर कई बार हमलावर बड़ी मछली डरकर इससे दूर भाग जाती है। जब हमलावर मछली चली जाती है, तो ब्लोफिश मुंह से पानी निकाल कर दुबारा अपने असली साइज में आ जाती है।

**कटलफिश शरीर फुलाकर डराती है कांटों से:** कटलफिश को जब किसी शिकारी जंतु से खतरा महसूस होता है तो वह एक साथ ज्यादा पानी पीकर अपने शरीर को बॉल की तरह फुला लेती है। इससे इसके शरीर के चारों ओर कांटे उभर आते हैं। इससे शिकारी जंतु दूर भाग जाता है। शिकारी के चले जाने पर कटलफिश अपने शरीर से पानी निकालकर सामान्य अवस्था में आ जाती है।

**पोरकुपाइन कांटों को बना लेता है हथियार:** पोरकुपाइन (सेह) के शरीर की सतह पर लंबे, कठोर और पैने कांटे होते हैं। किसी शिकारी जंतु के हमले का अंदेशा होने पर सेह अपने शरीर को अकड़ा लेता है, जिससे उसके कांटे सीधे हो जाते हैं। शिकारी के पास आने पर वह कांटों की बौछार कर उसे घायल कर देता है और खुद भाग निकलता है। *



### ये जंतु भी देते हैं शिकारियों को धोखा



**जिस तरह** गिरगिट अपना रंग बदलकर शिकारी को धोखा देता है, उसी तरह ऐसे कई और जंतु हैं, जो अपने रंग और शारीरिक संरचना के कारण शिकार होने से बच जाते हैं। पेड़ की टहनी की तरह दिखने वाला लंबा और पतला वॉकिंग स्टिक इंसेक्ट, हरे पत्तों की तरह दिखने वाला लीफ इंसेक्ट, ग्रीन, ब्राउन और पिंक कलर के मैनतीज, झींगुर या ग्रासहोपर जैसे इंसेक्ट्स इसी केटेगरी में आते हैं। ये अगर घास या पेड़ों पर बैठ जाएं तो वहां के रंग और वातावरण में इस तरह घुल-मिल जाते हैं कि अपने शिकारियों को ये नजर ही नहीं आते। ऐसे ही बटरफ्लाइज और मॉथ भी अपने आस-पास के वातावरण जैसे दिखते हैं। पारदर्शी पंखों वाली ग्लासविंग बटरफ्लाई, सूखी पत्तियों के समान रंगत वाली लीफ बटरफ्लाई और पेड़ के तने की छाल से मेल खाते पंखों वाला स्फीनिक्स मॉथ बड़ी आसानी से हमलावरों से अपना बचाव कर लेते हैं।

छोटी कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

किसी काम को पूरा करने की लगन हमारे भीतर हो तो वह एक ना एक दिन किसी भी रूप में पूरा होता ही है, इसलिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, हार नहीं माननी चाहिए।

## लहरों की सीख

एक दिन पुलपुल को समुद्र किनारे उदास बैठे देखकर मम्मी ने पूछा, 'क्या हुआ, आज रेत का घरौंदा नहीं बना रहे?'

पुलपुल ने रुंआसा होकर जवाब दिया,'क्या करूंगा बनाकर? रोज बनाता हूं, दूसरे दिन वापस आकर जब देखता हूं तो लहरें घरौंदे का नामोनिशान मिटा देती हैं।'

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'बस! इतने में ही घबरा गए बेटा। जीवन में बहुत बार ऐसा होता है। हमें बिना हिम्मत हारे प्रयास करने चाहिए। कभी ना कभी सफलता मिलती ही है। फिर से घरौंदा बनाने की कोशिश करो, लेकिन लहरों से जरा दूर घरौंदा बनाओ।'



एआई इमेज

पुलपुल ने लहरों से दूर घरौंदा बनाया, इसके बाद भी पुलपुल के बनाए घरौंदे रोज टूटते रहे, लेकिन उसने अपना घरौंदा बनाना बंद नही किया।

कुछ समय बाद पुलपुल के स्कूल में एक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों को क्ले यानी मिट्टी से घर बनाना था। पुलपुल ने भी इस प्रतियोगिता में घर बनाया। दोपहर में पुलपुल जब स्कूल से लौटा तो खुश था। वह चहकते हुए बोला, 'मम्मी, भले ही समुद्र के किनारे बनाया हुआ मेरा घरौंदा रोज टूट जाता है, लेकिन क्ले से बने हुए मेरे घर को फर्स्ट प्राइज मिला है। समुद्र किनारे की गई मेरी प्रैक्टिस आज प्रतियोगिता में काम आई। अब मुझे समझ में आ गया है कि हमें कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए, लगातार मेहनत करनी चाहिए, यह मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। किसी ना किस रूप में सफलता मिलती ही है।'

पुलपुल की बात सुनकर मम्मी ने उसे गले लगा लिया। *

## रंग भरो-183



**रंग भरो-183** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





शौर्य, रोहतक



रितेश, मटियारी



भव्या, बिलासपुर



प्रगति, बिलासपुर



गोपिका, ईमेल से



शुभम, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सचिन-करनाल, विराट-बिलासपुर, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 184





बच्चो, यहां एक बहुत ही प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### संत स्वामी राजेंद्रानंद के निधन पर जताया शोक

**रतिया।** पिछले दिनों बिश्नोई समाज के बड़े संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज का निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की खबर आई तो पूरे समाज में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर श्री कृष्ण गौशाला कमेटी द्वारा प्रधान छिंदरपाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्री कृष्ण गौशाला कमेटी रतिया ने गहरा शोक प्रकट किया। प्रधान छिंदरपाल दानेवालिया ने बताया कि संत स्वामी राजेंद्रानंद महाराज डबवाली में बिश्नोई मंदिर में जांभाजी कथा कर रहे थे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी सिरसा शहरी की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर डॉ दर्शना सिंह ने विशेष तौर से शिरकत की। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के बारे में विस्तार से बताया गया।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजलि ने मारी बाजी

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर छोटा कोई काम नही, हुनर से ही नाम सही थीम पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्लेसमेंट कमेटी की प्रभारी डॉ. श्वेता के निर्देशन मे किया गया। प्रतियोगिता में अंजलि ने प्रथम और गरिमा ने द्वितीय तथा सुशीला ने तृतीय स्थान पाया।

### शराब ठेका के विरोध में धरना जारी

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मार्केट में शराब ठेका के विरोध में चल रहा धरना गुरुवार को 71वे दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि शराब ठेका खुलने से पूरी मार्केट में शराब पीने वाले ही दिखाई देते लगे हैं। रोज सुबह आधा घंटा दुकान की सफाई में लगाना पड़ता है। कौशिक स्टूडियो के मालिक देवकीनंदन ने बताया कि इस ठेके के कारण महिला ग्राहकों का उनके स्टूडियो में आना बिल्कुल बंद हो गया है।

### नायब तहसीलदार कार्यालय पर दिया धरना, डीसी को भेजा मांग पत्र

# सेम व बरसात से खराब फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

■ क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर फसलों का रजिस्ट्रेशन करके 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां





**भट्टूकलां।** नायब तहसीलदार कार्यालय पर धरना देते किसान तथा नायब तहसीलदार को डीसी के नाम ज्ञापन सौंपते किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा।

भट्टूकलां क्षेत्र में सेम और बरसाती पानी के जलभराव से खराब हुई फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाने, क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने और मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर किसान सभा के आह्वान पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने आज भट्टू में नायब तहसीलदार कार्यालय पर धरना दिया और उन्हें उपायुक्त के नाम मांग पत्र सौंपा। धरने पर बैठे किसानों ने जिला प्रशासन द्वारा उनकी कुछ सुध न लिए जाने पर कड़ा रोष जताया और जमकर नारेबाजी की।

धरने की अध्यक्षता किसान नेता सुरजमल जाखड़ ने की और मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। धरने का संचालन रोहताश डूडी ने किया। धरने को संबोधित करते हुए विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भट्टू क्षेत्र में गांव कुम्हारिया से चिंदड़, ढाण्ड, बनावाली, शेखुपुर दड़ौली, खाबड़ा कलां, रामसरा, ढाबी कलां, ढाबी खुर्द, भट्टूकलां, दुईयां, जाण्डवाला बागड़, पीलमंदौरी, मेहूवाला आदि गांवों में काफी सालों से हजारों एकड़ भूमि सेम के पानी से भरी रहती है। यहां हर साल किसानों की फसलें खराब हो जाती हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस बार भी सेम व बरसात के पानी से इस क्षेत्र में नरमा, ग्वार, मूंगफली व धान की फसल खराब हो गई है। फसल खराब होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है और उनकी आर्थिक स्थिति भी खराब हो गई है।

किसान इन फसलों पर काफी खर्च कर चुके थे लेकिन उनकी मेहनत पानी में डूब गई। उन्होंने मांग की कि खराब फसलों की स्पेशल गिरदावरी करवाकर क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाए और फसलों का रजिस्ट्रेशन करके 40 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा भट्टूकलां क्षेत्र में पानी निकासी के सौर ऊर्जा से चलने वाले पम्प जोकि लगभग खराब पड़े हैं, उन्हें चालू करवाया जाए। लगातार सारे प्रोजेक्ट में हुए भ्रष्टाचार की जांच करवाई जाए। वर्ष 2023, 2024 का जल भराव का बकाया बीमित मुआवजा तुरंत दिया जाए। मूंगफली की एमएसपी पर खरीद सितम्बर से शुरू हो। स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किया जाए। अमेरिका से किए जा रहे किसान विरोध समझौते को रद्द किया जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की तो 28 अगस्त को तहसीलदार का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर मा. हनुमान सिंह, सुभाष चन्द्र भादू, रिछपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह सिद्धू, ओमप्रकाश शेखुपुर, बजरंग फौजी, मनीष सिवाच, राजेश बुडानिया, अजय माचरा, लक्ष्मी शेखुपुर, शिवदयाल, पृथ्वी सिंह, सोहन लाल गोदारा, मनोहर लाल, निहाल सिंह, रोहताश ढाण्ड, शिव कुमार चिंदड़, भूप सिंह बनावाली सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विदेश भेजने और नौकरी के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार युवक।

विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर 16 लाख की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जिला पुलिस की आर्थिक अपराध जांच शाखा ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान तलविंदर पुत्र श्याम लाल निवासी बादल कॉलोनी, लोहागढ़, जिला मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है। इकोनॉमिक सेल प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना सदर फतेहाबाद में दर्ज एक मामले के आधार पर की गई। इसमें शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह पुत्र बलदेव सिंह, निवासी गांव अहरवां, फतेहाबाद ने आरोप लगाया था कि आरोपी तलविंदर और उसका साथी तरिशमित शर्मा ने हरियाणा पुलिस में सब-इंस्पेक्टर की नौकरी लगवाने और विदेश भेजने का झांसा देकर उससे लगभग 16.26 लाख की ठगी की।जांच के दौरान सामने आया कि आरोपियों ने सरकारी और राजनीतिक संपर्कों का हवाला देकर पहले नकद में और फिर ऑनलाइन ट्रांजैक्शनों के जरिए बड़ी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवाई। शिकायतकर्ता ने आरोपियों से हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी, जिससे ठगी की पुष्टि हुई। पुलिस ने मामले में धोखाधड़ी, धमकी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर, तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया। इस मामले में आगे की नियमानुसार कार्रवाई जारी है।

### सरपंच एसोसिएशन ने भी जताई नाराजगी

# विधायक की टिप्पणी को लेकर कुम्हार समाज ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** पत्रकारों से बातचीत करते कुम्हार समाज के पदाधिकारी।

विधायक गोकुल सेतिया व जिला परिषद के सीईओ डॉ. सुभाष चंद्र के बीच हुए प्रकरण में विधायक की टिप्पणी को लेकर कुम्हार समाज ने आपत्ति जताई है। वहीं जिला सरपंच एसोसिएशन ने भी विधायक की शब्दावली को लेकर रोष जताया है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले विधायक गोकुल सेतिया व जिला परिषद के सीईओ सुभाष चंद्र के बीच विवाद हो गया था। वीरवार को कुम्हार धर्मशाला में कुम्हार समाज के पदाधिकारियों ने एक प्रेस कांफ्रेंस के जरिये सिरसा के विधायक गोकुल सेतिया पर कुम्हार समाज को बेवजह इस प्रकरण में घसीटने की निंदा करते हुए कहा कि सर्वसमाज के बिना कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं बन सकता। अगर विधायक व सीईओ के बीच किसी प्रकार की गलतफहमी है तो उसे मिल जुलकर सुलझाना चाहिए और इसमें समाज को बेवजह शामिल करना गलत है। सभा के जिला प्रधान कुंभाराम व पदाधिकारी प्रो. रामचंद्र लिंबा ने कहा कि समाज इस तरह की टिप्पणी को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा और विधायक को होश में रहकर बात करनी चाहिए, नहीं तो कुम्हार समाज मुंहतोड़ जवाब देगा। उधर, विधायक की टिप्पणी पर जिला सरपंच एसोसिएशन के प्रधान जसकरण सिंह कंग ने कहा कि वे तो कुछ मुद्दों को लेकर कुम्हार धर्मशाला में एकत्रित हुए थे, जिसमें प्रजापति समाज के केवल दो-चार सरपंच थे। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन तो केवल विधायक और सीईओ के बीच उपजे विवाद में एक माध्यम बनना चाहती थी ताकि इस मामले को सुलझा कर गांव का विकास करवाया जा सके। विधायक द्वारा सरपंच एसोसिएशन पर टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक है। उधर, एक बार फिर विधायक सेतिया ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर कहा कि कुछ सरपंच सीईओ की तरफदारी कर रहे हैं, वे पहले अपने गांव को संभाले और इसके बाद बात करें।

# स्कूल में जांच करने पहुंची तीन सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



**कालांवाली।** जांच दौरान लोगों से बातचीत करते हुए टीम के सदस्य।

गांव कालांवाली के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के मुख्य शिक्षक की कार्यप्रणाली को लेकर व उसके द्वारा किए गए घोटालों को लेकर ग्राम सरपंच व ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विभाग के निर्देश पर वीरवार को तीन सदस्यीय कमेटी जांच के लिए स्कूल में पहुंची और दोनों पक्षों के ब्यान दर्ज किए। विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्मिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदेव सिंह गिल की अगुवाई में जांच कमेटी गठित की गई। जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय पन्नीवाला मोटा के प्रधानाचार्य मनजीत सिंह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विधालय चोरमार के प्रधानाचार्य बलविंद्र सिंह शामिल रहे। इनके अलावा गांव कालांवाली के राजकीय कन्या विधालय की प्रिंसीपल भी मौजूद रही। बता दें कि गांव के सरपंच अजैब सिंह व गांव के ग्रामीणों ने बीती आठ जुलाई को स्कूल का जायजा लिया था और इस दौरान अनेक अनियमताएं ओर अव्यवस्था पाई गई थी, जिसको लेकर सरपंच व ग्रामीणों ने मुख्य शिक्षक भोला राम के खिलाफ शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। शिकायत के आधार पर आज तीन सदस्यीय कमेटी जांच के लिए स्कूल में पहुंची और दोनों पक्षें के ब्यान दर्ज किए। जांच कमेटी के नोडल अधिकारी प्रधानाचार्य जगदेव सिंह गिल ने बताया कि जांच दौरान एसएमसी कमेटी के बैंक खाते की चैक बुक व अन्य रिकार्ड पेश नहीं किया, मिड डे मिल के राशन में गडबडी पाई गई, इसमें बच्चों की संख्या में गडबडी पाई गई, सोलर पैनल के चार बैटरियां मौके से गायब मिली जो कि बैठक के चलते नई मंगवा कर खाना पूर्ति की गई। इसके अलावा 21 जुलाई को मुख्य शिक्षक द्वारा 12 बच्चों की एसएलसी काटी गई जिसका कोई रिकार्ड पेश नहीं कर सका। इसके अलावा मिड डे मिल वर्करों द्वारा स्कूल के पुराने पीतल के बर्तन गायब होने की पुष्टि की। इसके अलावा स्कूल में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल देखने को मिला ओर कई प्रकार की अनियमाताएं पाई गई। जिसको लेकर सरपंच व ग्रामीणों के ब्यान दर्ज किए गए। वहीं मुख्य शिक्षक ने उक्त सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने बताया कि उक्त रिर्पोट को विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

# जिले के 23 प्राथमिक शिक्षक बने मुख्य शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिरसा द्वारा वीरवार को जिला के 23 प्राथमिक शिक्षकों की मुख्य शिक्षक के पद पर पदोन्नति सूची जारी की गई। इस विषय में जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के जिला प्रधान विजय शर्मा ने बताया कि पदोन्नति के लिए संघ लगातार प्रयासरत था और अंततः आज संघ के प्रयासों से प्राथमिक शिक्षकों को पदोन्नति का उपहार मिल गया, जिससे अध्यापक अत्यंत खुश हैं।

इस कार्य के लिए खण्ड बड़ागुढ़ा के प्रधान अजमेर सिंह व खण्ड चोपटा के प्रधान सुधीर सुथार ने संघ की ओर से कार्यालय व शिक्षकों का सहयोग किया व कमेटी के सदस्य के रूप में ईमानदारी पूर्वक अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अवसर पर डबवाली खण्ड प्रधान लाल बहादुर, पूर्व जिला प्रधान शेषपाल सिंह व जयवीर उपस्थित रहे।

### पदोन्नत हुए शिक्षकों की सूची

विभाग द्वारा जारी की गई सूची में हरी सिंह, कृष्ण कुमार, वीना कुमारी, नीना गुप्ता, मधु रानी, नसीब कौर, मधु बाला, प्रेम चंद, कंचन बाला, सतीश कुमार, परमजीत कौर, सरोज रानी, पलविंद्र कौर, तेजिंद्र सिंह, अमर सिंह, जसवंत सिंह, मीनू अरोड़ा, अंग्रेज सिंह, सुधीर कुमार, प्रेम कुमार, तेजपाल कौर, राजेश कुमार, वरिंद्र कुमार शामिल हैं।

# सीडीएलयू ने हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के साथ किया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

■ कुलपति ने कहा, छात्रों के सर्वांगीण विकास और मूल्य आधारित शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा



सिरसा। एमओयू साइन करते कुलपति व ट्रस्ट के पदाधिकारी।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू) सिरसा ने हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट (एचईटी), विजयवाड़ा के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच समग्र शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और मूल्य आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना है। सीडीएलयू के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि यह एमओयू विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अशोक शर्मा और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के जोनल कोऑर्डिनेटर पवन शारदा द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में हस्ताक्षरित किया गया।

इस मौके पर सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि यह सहयोग छात्रों को आवश्यक जीवन मूल्यों को आत्मसात करने, आंतरिक विकास को मजबूत बनाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक तथा भविष्य के नेता के रूप में तैयार करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें छात्रों के संतुलित जीवन, मानसिक स्पष्टता और सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इस समझौते के तहत हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट छात्रों और शिक्षकों के लिए मेडिटेशन, रिलेक्सेशन, नेतृत्व विकास, जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और अनुभवात्मक शिक्षण सत्र आयोजित करेगा।

**एडवाइजरी** फतेहाबाद पुलिस की चेतावनी, ऑनलाइन सट्टेबाजी से रहें सावधान

### संदिग्ध परिस्थितियों में साइबर सेल की हेल्पलाइन 112 या 1930 पर संपर्क किया जा सकता है

# वेबसाइट्स जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर अवैध सट्टे ओर धकेल रही : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद एसपी सिद्धांत जैन।

ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर बढ़ रही सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों को लेकर फतेहाबाद पुलिस ने नागरिकों को सतर्क किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देश पर जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि कई मोबाइल ऐप्स और वेबसाइट्स गेमिंग की आड़ में युवाओं को 'जल्दी पैसा कमाने' का लालच देकर अवैध सट्टे और जुए की ओर धकेल रही हैं। पुलिस ने चेताया है कि इन प्लेटफॉर्म्स के जरिये हो रहे लेन-देन से न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि यह मानसिक तनाव और आपराधिक गतिविधियों को भी जन्म देता है। सबसे अधिक असर बच्चों, छात्रों और बेरोजगार युवाओं पर पड़ रहा है, जो बिना जोखिम समझे इन गतिविधियों के चंगुल में फंसते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में ऑनलाइन खेल संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 लोकसभा में पारित किया गया है। इसके तहत सट्टेबाजी, जुए या मनी-गैंबलिंग से जुड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का संचालन, प्रचार, सहयोग और उपयोग अब दंडनीय अपराध माना जाएगा। दोषी पाए जाने पर तीन साल तक की सजा और 10 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। एडवाइजरी में अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें। यदि बच्चे गेमिंग के नाम पर किसी प्रकार का पैसों का लेन-देन कर रहे हों, तो सतर्कता बरतें। युवाओं को पढ़ाई, करियर और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और ऐसे प्लेटफॉर्म्स से दूर रहने की सलाह दी गई है। फतेहाबाद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अगर किसी ऐप, वेबसाइट या व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध लगे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। साइबर सेल की हेल्पलाइन 112 या साइबर क्राइम शिकायत नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। ईमेल के माध्यम से भी शिकायत भेजी जा सकती है।

एसपी ने कहा कि पुलिस का स्पष्ट संदेश है खेलें मन से, न खेलें धन से। ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर हो रही सट्टेबाजी से सतर्क रहें, दूसरों को भी जागरूक करें और समाज को अपराध मुक्त बनाने में सहयोग दें।

## न्यूज डायरी

### राजेंद्रा इंस्टीट्यूट फेयरवेल फिस्टा का आयोजन




**सिरसा।** राजेंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के प्रांगण में फार्मेसी विभाग की ओर से फेयरवेल फिस्टा 2025 का आयोजन गुरुवार को धूमधाम से किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर संस्थान के चेयरमैन नरेश कुमार गुप्ता शामिल हुए। चेयरमैन नरेश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को बेहतर कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हर पल सहयोग के लिए तत्पर है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें गीता तथा शीतल ने पंजाबी लोकनृत्य भांगड़ा प्रस्तुत किया जिन्हें खूब वाहवाही मिली। फार्मेसी विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र विशाल ने हरियाणवी डांस से सबको रोमांचित किया। इसके उपरांत फाइनल इयर के सभी विद्यार्थियों का रैंप वॉक हुआ जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा दर्शाई।

### भाजपा कार्यालय में विधानसभा हुई बैठक



**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर आज बीजेपी जिला कार्यालय में फतेहाबाद विधानसभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक में मुख्य रूप से मन की बात कार्यक्रम के सिरसा लोकसभा संयोजक बलदेव सिंह ग्रोहा भी मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि 31 अगस्त को सुबह 11 बजे पीएम नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण होगा। फतेहाबाद जिले के सभी 708 बूथों पर भी कार्यकर्ताओं आमजन द्वारा इस कार्यक्रम को सुना जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की 'मन की बात' एक ऐसा मंच है, जहाँ प्रधानमंत्री सीधे जनता के दिल से जुड़ते हैं और देश के कोने-कोने की आवाज सुनते हैं। यह कार्यक्रम समाज में अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करता है और आम लोगों की छोटी-छोटी पहल को राष्ट्रीय मंच पर लाता है।

### तैराकी में खुशी ने किया स्टेट के लिए क्वालिफाई



**टोहाना।** भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी ने स्कूली गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीत के साथ राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि ब्रेस्टस्ट्रोक एक तैराकी की शैली है जिसे हिन्दी में छाती के बल तैरना कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक लोकप्रिय शैली है जिसमें तैराक अपने पेट के बल पानी में रहता है और उसके हाथ और पैर एक साथ चलते है। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने कहा कि यह स्कूल के लिए गर्व की बात है कि स्कूल की छात्रा खुशी तैराकी में अब राज्य स्तर पर स्कूल का प्रतिनिधित्व करेगी। इस शानदार उपलब्धि के लिए प्राचार्या मारियालीन लुईस व उप प्राचार्या कुलदीप कौर ने छात्रा खुशी, कोच अमित तथा अभिभावकों को बधाई दी।

### एक लाख यूनिट रक्त संग्रह करेगा ब्रह्मकुमारी संस्थानः ब्रह्मकुमारी प्रीति



**सिरसा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थान द्वारा मानवता की सेवा के लिए भारत और नेपाल में रक्तदान महाभियान चलाकर एक लाख यूनिट रक्त संग्रह किया जाएगा। इस सिलसिले में स्थानीय सी ब्लॉक स्थित ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र सद्भावना भवन सिरसा की संचालिका ब्रह्मकुमारी प्रीति ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि इस महाअभियान के अंतर्गत देशभर के 6000 से अधिक सेवा केंद्रों से एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित कर गिनीज बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी महाभियान में योगदान देने के उद्देश्य से सी ब्लॉक स्थित सद्भावना भवन सिरसा में भी आगामी 23 एवं 24 अगस्त को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

### सीएमके कालेज में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्ट-अप्स के महत्व से अवगत कराना और उनमें नवाचार व उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। प्राचार्या डॉ रंजना ग्रोवर ने कहा कि आज का युवा यदि नए विचारों को कार्यरूप देता है तो वह न केवल स्वयं के लिए अवसर पैदा करता है बल्कि समाज और देश की आर्थिक प्रगति में भी योगदान देता है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े बदलाव का आधार बनते हैं, इसलिए किसी भी कार्य को छोटा न समझते हुए उसके लिए प्रयास करते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की।




### टोहाना में ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर गिरा

**टोहाना।** स्वर्ग आश्रम के पास पुरानी तहसील से कार्य माता मंदिर की तरफ जाने वाले मोड़ पर, संत शिरोमणी बाबा नामदेव मंदिर व धर्मशाला टोहाना के पास सड़क पर आए दिन बड़े वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस जगह खाली प्लॉट में कोई बाउंड्री नहीं थी, जिस कारण बड़े वाहन आसानी से भीतर से निकल जाते थे। अब प्लॉट की चारदीवारी बना दिए जाने के बाद सडक़ का रास्ता काफी छोटा हो गया है। ऊपर से एक तरफ ट्रांसफार्मर दीवार से 4-5 फीट आगे रखा है और दूसरी तरफ स्ट्रीट लाइट पोल लगभग 2.5-3 फीट आगे है। इन दोनों के बीच से बड़े वाहनों का निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। कल रात करीब 1:30 बजे एक ट्रक गुजरते समय ट्रांसफार्मर से टकरा गया, जिससे ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया और पूरी रात से लेकर दोपहर तक बिजली बंद रही। बाद में बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर बदलकर नया लगाया, तब जाकर आपूर्ति बहाल हुई। लोगों ने बताया कि गांवों से शहर में सामान खरीदने आने वाले लोग और दुकानों का माल सप्लाई करने वाले वाहन इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। प्रतिदिन सैकड़ों-हजारों की संख्या में बड़े वाहन इस मार्ग से निकलते हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर और स्ट्रीट लाइट पोल बीच में होने के कारण उन्हें बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। डॉ. महावीर सैनी, नवजोत सिंह ढिल्लों, मनजीत, अजय मोदी, विक्रम बागड़ी, कुणाल आदि का कहना है कि इस स्थिति के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि ट्रांसफार्मर को सडक़ से पीछे की ओर शिफ्ट किया जाए और सडक़ के बीच में आ रही स्ट्रीट लाइट पोल को भी साइड में लगाया जाए।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए फ्री चेकअप कैम्प 23 को

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के तत्वाधान में नागरिक अस्पताल फतेहाबाद के सीएमओ कार्यालय के सहयोग से अगस्त माह का निशुल्क मेडिकल चैकअप कैम्प 23 अगस्त शनिवार को बाल भवन फतेहाबाद में प्रातः 9 बजे से प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया इस चैकअप कैम्प में सेवानिवृत डिप्टी सीएमओ के नेतृत्व में टीम वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क जांच करेगी व दवाईयां भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे कैम्प में अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लेकर आए। उन्होंने बताया कि इस कैम्प में जिले से कोई भी 60 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक व महिला अपना चैकअप करवा सकती है।

### फ्री मेडिकल एवं डेन्टल चेकअप कैम्प 31 को

**फतेहाबाद।** स्वरितक सेना, फतेहाबाद की ओर से उम्मीद अस्पताल व अमृत डेन्टल केयर के सहयोग से फ्री मेडिकल एवं डेन्टल चेकअप कैम्प लगाया जाएगा। यह कैम्प 31 अगस्त रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए रजत मैहता ने बताया कि कैंप समाधा मंदिर, लाजपत नगर, फतेहाबाद में लगाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच करेंगे। इस कैम्प में हड्डी, जोड एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत चौधरी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा चौधरी, हृदय व मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश शर्मा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. साहिल धवन और डॉ. नेहा सेवाएं देंगे।

### सिरसा में करंट लगने से युवक की मौत

**सिरसा।** शहर की अनाज मंडी क्षेत्र में झंडा लगाते समय करंट लगने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। मृतक मनोज के परिजनों ने बताया कि वह अनाज मंडी में आयोजित होने वाले जागरण के लिए झंडा लगा रहा था। इसी दौरान झंडे की पाइप बिजली की तारों को छू गई, जिससे मनोज को जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल में पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मनोज के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि परिवार के गुजर बसर के लिए पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

### पद्म पुरस्कार विजेताओं को करेंगे सम्मानित

**फतेहाबाद।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय की ओर से जारी निर्देशों के अनुरूप जिला प्रशासन फतेहाबाद जिले में निवास कर रहे पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में आमंत्रित कर सम्मानित करेगा। पद्म पुरस्कार भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है, जो कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, लोक प्रशासन, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इन विभूतियों के जीवन की उपलब्धियां प्रेरणा का स्रोत हैं, जो समाज में सेवा, समर्पण और उत्कृष्टता की भावना को जागृत करती हैं।

सात दिनों में आरोपियों की गिरफ्तार नहीं हुई तो सिरसा- चंडीगढ़ रोड जाम करेंगे

# पूर्व सैनिक से 5 लाख की ठगी के मामले में महापंचायत, पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

भूना शहर में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया जब हनी ट्रैप और ब्लैकमेलिंग के शिकार हुए एक रिटायर्ड सूबेदार के विरूद्ध एसटी/एसटीएम एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद उनके समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सडक़ पर उतर आए। घटना के विरोध में पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने अनाज मंडी में महापंचायत की और फिर भूना थाना का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और झूठे मुकदमे रद्द करने की मांग की। महापंचायत में लोगों ने लगाया एसटी/एसटी एक्ट के दुरूपयोग का आरोपमहापंचायत में लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग एससी/एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर ब्लैकमेलिंग का गिरोह चला रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि यह गिरोह अब तक कई लोगों को इसी तरह झूठे मामलों में फंसा चुका है और मोटी रकम वसूल चुका है। वार्ड पार्षद प्रकाश कुमार ने भी इसी गिरोह पर महिला को झांसे में लेकर उन्हें 20 लाख ब्लैकमेल के प्रयास का आरोप लगाया। वहीं, शहर के अन्य पीड़ितों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अंदर आरोपियों की गिरफ्तार नहीं हुई तो आठवें दिन सिरसा- चंडीगढ़ रोड जाम करेंगे।


भूना। महापंचायत में पहुंचे लोग।

#### पुलिस ने क्रॉस दर्ज केस किया

रिटायर्ड सूबेदार रणधीर सिंह की ओर से जिन लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है उनमें महावीर, उसकी पत्नी, कुलदीप बौद्ध, रमन बैंस, टेकाराम, दिनेश बौद्ध और हरपाल बौद्ध शामिल हैं। इन सभी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2), 308(7), 61(2) के तहत केस दर्ज किया गया है। दूसरी ओर, महिला की शिकायत पर रणधीर सिंह और सोनू के खिलाफ छेड़छाड़ व एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। कमेटी में पंच-सरपंच, पूर्व जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, धार्मिक संस्थाओं के लोग, व्यापारी व युवाओं को जगह दी गई है। इनमें चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ,राजबीर दहिया पूर्व सरपंच, नत्थूराम दहिया, अजय मेहता पूर्व प्रधान व्यापार मंडल, सोनू धानिया, सुखविंदर सिंह सरपंच प्रतिनिधि डूल्ट, हरजिंदर सिंह नंबरदार डूल्ट, बलजीत सिंह, सुरेश कंबोज, गुरदयाल कंबोज, ईश्वर वाल्मीकि, बलराज सिंह, सुशील सोनी, साधु राम कुम्हार, सोम नाथ इंदौरा, बजरंग शर्मा प्रतिनिधि, डॉ. आरके सैनी, तरसेम शर्मा, हनुमान ओला, युवराज शर्मा, हरपाल सिंह प्रधान, सिंग सभा गुरुद्वारा), सुरेंद्र सिंह सेक्रेटरी, गुरुद्वारा, जुगनू पेंटर, बलकार सिंह फौजी, बृजलाल बंसल प्रधान अग्रवाल सभा, हरविंदर मेहता, सुनील शर्मा, लवली बेनिवाल प्रधान श्री बालाजी सेवा समिति, सुरेंद्र थापन, सुरेश कुमार, रामनिवास वर्मा, लक्खवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, रोहताश कुमार, अर्जुन, गंगाराम कुम्हार, अवतार सिंह मल्ली, शैंडी, सूरजमल, खैराती लाल छोकरा, राजेंद्र खट्टर, राजा बागड़ी, सुशील बागड़ी, सुशील विश्नोई, गुल्लू, संजय मेहता, पार्षद रोहताश गोयल, बिट्टू मुंजाल को शामिल किया गया है।

#### पूर्व सैनिक का दर्द

*रिटायर्ड सूबेदार रणधीर सिंह का कहना है कि उन्हें सुनियोजित षड़यंत्र के तहत हनीट्रैप में फंसाकर 5.35 लाख रुपये ऐंठे गए। आरोपियों ने झूठे मुकदमों की धमकी देकर मानसिक रूप से तोडने की कोशिश की। उन्होंने आरोपियों का बंटवारा ठीक ढंग से नहीं होने के बाद खुलासे जनक सोशल मीडिया पर वायरल हुई रिकॉर्डिंग भी सौंपी हैं और मांग की है कि गिरोह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर भविष्य में किसी और को इस जाल में न फंसाया जाए।*

#### हर प्रशासनिक मसले में पैरवी करेगी 51 सदस्यीय कमेटी

शहर के जनहित से जुड़े हर छोटे-बड़े प्रशासनिक मामलों में कार्रवाई करवाने और मजबूत पैरवी के लिए अब एक संगठित प्रयास शुरू हो चुका है। रिटायर्ड सूबेदार के साथ हुई घटना के बाद शहर में 51 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े प्रभावशाली और सक्रिय लोगों को शामिल किया गया है।



फतेहाबाद। अपना घर आश्रम का भ्रमण करते डीएवी पुलिस स्कूल के एनएसएस स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

## स्वयंसेवकों ने किया 'अपना घर' का दौरा

- बेसहारा और असहाय लोगों से मिले स्वयंसेवक, सेवा और करुणा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, फतेहाबाद की एनएसएस इकाई ने कार्यक्रम संयोजक राम बिलास शास्त्री के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए हांसपुर रोड स्थित श्री सतगुरू कृपा अपना घर आश्रम का भ्रमण किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने वहां रह रहे असहाय, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों से भेंट की और उनकी जीवनचर्या के बारे में चर्चा करते हुए उनके साथ समय बिताया। आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल ने विद्यार्थियों का आश्रम में पहुंचने पर स्वागत किया। इस अवसर पर आश्रम में रहने वाले वरिष्ठ जनों को भोजन-सामग्री वितरित की गई। विद्यालय की प्राचार्या अमिता सिंह ने स्वयंसेवकों की पहल को मानवीय संवेदनाओं को जागृत करने वाला प्रयास बताया।

### पुलिस ने पीड़ित को पूरी राशि वापस दिलवाई

**फतेहाबाद।** साइबर ठगी के एक मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीड़ित को उसकी पूरी राशि वापस दिलवाई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि थाना शहर टोहाना साइबर हेल्प डेस्क पर कार्यरत पुलिस टीम को सक्षम पुत्र प्रदीप कुमार, निवासी टोहाना से शिकायत प्राप्त हुई। सक्षम ने बताया कि उसने फेसबुक पर विज्ञापन देखकर एलॉय व्हील मंगवाए थे, जिसके माध्यम से उसके साथ 3500 की धोखाधड़ी की गई। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस टीम ने राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर मामला दर्ज किया। तत्पश्चात साइबर पुलिस टीम फतेहाबाद ने तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए राशि को ब्लॉक कर सफलतापूर्वक पीड़ित के खाते में वापस जमा कराया। पीड़ित सक्षम ने थाना शहर टोहाना में उपस्थित होकर पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि वे किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें अथवा नजदीकी थाना/साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें।

## महिला उद्यमियों को एडीसी ने वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने गुरुवार को हरियाणा मातृ शक्ति उद्यमिता योजना व विधवा ऋण योजना के तहत 25 महिला उद्यमियों को तीन लाख 47 हजार 118 रुपये की राशि के चैक वितरित किए। इस अवसर पर महिला विकास निगम की जिला प्रबंधक डा. दर्शना सिंह भी मौजूद रही। एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि हरियाणा सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें प्रमुख हैं हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना और विधवा ऋण योजना। दोनों योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करना और उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत राज्य की महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता है। यदि महिला समय पर ऋण की किस्त चुकाती है, तो उसे तीन वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी भी दी जाती है। इसके अलावा महिलाओं को ऋण चुकाने के लिए तीन महीने की मोरेटोरियम अवधि मिलती है। यह योजना 18 से 60 वर्ष तक की महिलाओं के लिए है और केवल उन्हीं को लाभ मिलेगा जिनकी सालाना पारिवारिक आय 5 लाख रुपये से कम है। आवेदन करने के लिए महिला विकास निगम कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र और उद्यम से संबंधित विवरण देना आवश्यक है।विधवा ऋण योजना खासतौर पर उन महिलाओं के लिए है जो विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को बैंक के माध्यम से तीन लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस ऋण का उपयोग महिलाएं किसी भी प्रकार के स्वरोजगार कार्यों जैसे ऑटो या ई-रिक्शा खरीदने, ब्यूटी पार्लर या सिलाई सेंटर खोलने, अचार-पापड़ बनाने, फूड स्टॉल लगाने जैसी गतिविधियों के लिए कर सकती हैं।


सिरसा। महिला उद्यमियों को चेक वितरित करते एडीसी।

## शिविर में 70 नेत्र रोगियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संयुक्त रूप से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वीरवार को बाबा बिहारी नेत्रालय के सहयोग से बाबा बालक नाथ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री युवक साहित्य सदन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि आज पूरी दुनिया में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बुजुर्गों को सम्मान देने का अवसर है जिन्हें अपने अनुभव, त्याग और प्रेम से परिवार व समाज की नींव मजबूत की। आज का थीम समावेशी भविष्य के लिए बुजुर्गों की आवाज को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि जीवन की भागदौड़ में हम अक्सर भूल जाते हैं कि वो लोग जिनकी छाया तले हम बड़े हुए, जिनके अनुभवों से हमने जीना आयोजित किए गए नेत्र जांच शिविर में बाबा बिहारी नेत्रालय की चिकित्सक डा. नीरू गिजवानी द्वारा 70 नेत्र रोगियों की जांच की गई तथा मौके पर जरूरतमंद व्यक्तियों को दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। शिविर में 8 रोगी ऑपरेशन के योग्य पाए गए जिनका बाबा बिहारी नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में 30 वरिष्ठ नागरिकों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गर्मी से बचाव के लिए साफा (परने) प्रदान किए गए।


सिरसा। शिविर में मरीजों की आंखें चेक करते चिकित्सक।

## रत्ताखेड़ा में बुजर्ग की तेजधार हथियार से हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव रत्ताखेड़ा में बुजुर्ग व्यक्ति की तेजधार हथियार से हत्या कर दी गई है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गली में खून से लथपथ लाश देखी तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान अमीलाल भाकर निवासी रत्ताखेड़ा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अमीलाल बुधवार की रात को 10 बजे घूमने के लिए कहकर घर से निकला था और 12 बजे उसे गांव में स्थित लाइब्रेरी के पास देखा गया। मृतक के चचेरे भाई हरचंद ने बताया कि गुरुवार सुबह गौशाला जाते समय उसने हनुमान मंदिर के नजदीक गली में लाश देखी। ग्रामीणों के अनुसार सिर, माथे आंख व नाक पर चोट के गहरे निशान थे। गांव के सरपंच लीलाधर ने बताया कि सूचना मिलते ही ओढ़ा के थाना प्रभारी ब्रह्मप्रकाश, डीएसपी कालांवाली, क्राइम टीम व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि मृतक के पुत्र दिनेश कुमार के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## विश्व उद्यमिता दिवस पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैरियर मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. मोहिंदर कुमार ने छात्राओं को उद्यमिता के विषय से परिचित कराया। उन्होंने वर्तमान समय के प्रसिद्ध स्टार्टअप उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी, जिसने छात्राओं की जिज्ञासा को और अधिक बढ़ा दिया। इसके साथ ही विषय से संबंधित प्रेरणादायक एवं सूचनाप्रद वीडियो दिखाए गए, जिनमें वास्तविक जीवन की सफलता की कहानियां, अवसरों की जानकारी तथा आज की दुनिया में उद्यमिता कौशल के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया और उन्हें समाज में योगदान देने तथा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए उद्यमिता और नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन से छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारियां और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यशाला का समापन एक संवादात्मक सत्र के साथ हुआ, जिसमें छात्राओं ने उद्यमिता को कैरियर के रूप में अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रीटा रानी, डॉ. रीटा गलगट, प्रीति, शिल्पा, रमन देवी, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। विश्व उद्यमिता दिवस पर कार्यशाला में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते वक्तागण। फोटो :हरिभूमि

## एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने पर सांसद सैलजा ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन ) के कर्मचारियों को हटाए जाने के आदेशों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार विधानसभा में अध्यादेश लाकर कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा की गारंटी देने का दावा करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर विभागीय आदेशों से कर्मचारियों को हटाया जा रहा है। एक ओर सीएम आश्वासन देते है कि कोई कर्मचारी नहीं हटाया जाएगा तो दूसरी ओर उनके अधिकारी कर्मचारियों को रिलीव करने में लगे हुए है। या तो सीएम इस प्रकार का बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे है या अधिकारी उनकी नहीं मान रहे है।

सांसद सैलजा ने गुरुवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में कहा है कि रोहतक सिंचाई विभाग के एक्सईएन डब्ल्यूएस/मैकेनिकल डिवीजन की ओर 19 अगस्त को जारी पत्र में विभिन्न पदों पर कार्यरत दस कर्मचारियों को केवल इस आधार पर हटाने के आदेश दिए गए कि उनकी सेवा अवधि पांच वर्ष से कम है। यह सरकार के वादों और हकीकत के बीच के विरोधाभास को उजागर करता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्षों से सेवा कर रहे कर्मचारियों को पहले आए-पहले हटे जैसे प्रावधानों के तहत बेरोजगार करना न केवल नाइंसाफी है, बल्कि उनके परिवारों की रोजी-रोटी छीनने जैसा है।

### मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना आर्थिक रूप से कमजोर सभी वर्गों को सशक्त प्रयासः डीसी

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को सहायता राशि प्रदान की जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

समाधान शिविर में दी शिकायत, कार्रवाई की मांग की

# भूना नपा के अधिकारियों व वार्ड पार्षद पर पद के दुरुपयोग का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम गौरव गुप्ता ने आमजन की शिकायतें सुनीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। सीटीएम ने कहा कि शिविर सरकारी योजनाओं और सेवाओं को नागरिकों को सीधे तौर पर पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि लोगों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का हल एक ही स्थान पर मिले। शिविर में अधिकारियों की उपस्थिति से शिकायतों का निवारण तुरंत किया जाता है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत होता है। शिविर में ग्राम पंचायत नागपुर ने बिजली संबंधी मामले में कार्यवाही करने, गांव ढिंगसरा निवासी कृष्ण कुमार ने दाखिला दिलवाने, स्थानीय अग्रवाल कॉलोनी वासियों ने अग्रवाली कॉलोनी से धान कॉलोनी के बीच कच्चे रास्तों से पानी की निकासी करवाने, गांव लांबा निवासी भूपेंद्र सिंह ने कार्रवाई करवाने, भूना निवासी अजय ने नगरपालिका अधिकारियों व वार्ड पार्षद द्वारा पद का दुरूपयोग करने, इंद्रजीत ने गुलाबी कार्ड बनवाने, गांव भट्टू कलां निवासी राजेंद्र ने कृषि भूमि का रिकॉर्ड दुरूस्त करने, भूना निवासी अनदेवी ने निशान देही करवाने, फतेहाबाद निवासी राज कुमार ने पुलिस द्वारा संबंधित कार्यवाही करवाने, गांव तलवाड़ी निवासी जीत सिंह ने चार साल से तनखाह न मिलने, गांव कुनाल निवासी लाजा बाई ने लाडली पेंशन को बुढ़ापा पेंशन में बदलने, फतेहाबाद निवासी विनय बजाज ने इंतकाल दर्ज करवाने, गांव गिल्लाखेड़ा निवासी दारा सिंह ने गांव के चौकीदार द्वारा गली/सडक़ के ऊपर दीवार बनाकर कब्जा करवाने, बीघड़ निवासी कोमल ने इंतकाल दर्ज करवाने संबंधित शिकायत रखी।


फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।